संख्या:47/2017/1231जेएल/22-3-17-100(31)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 22 मई, 2017***

विषय: जिला कारागार, अलीगढ़ में निरूद्ध 04 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-13412/सामा-1(3)/आगरा मं0/2017, दिनांक 01-05-2017 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार, अलीगढ़ में निरूद्ध 04 (चार) विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख कालम-4 में अंकित कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति **इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि बंदियों को स्थानान्तरित किये जाने से पूर्व विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-1735-1739/2012-महाराष्ट्र राज्य बनाम सईद सुहैल शेख व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार समस्त मा0 विचारण न्यायालयों की पूर्वानुमति वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, अलीगढ़ द्वारा अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी** :-

क्र.स.	विचाराधीन बंदी का नाम/पिता का नाम	निरूद्धि की वर्तमान कारागार	कारागार का नाम जहाँ स्थानान्तरित किया जाना है।
1	2	3	4
1	देवेन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री महेन्द्रपाल अग्रवाल	जि0का0अलीगढ़	जि0का0कानपुर नगर
2	विनीत गुप्ता पुत्र श्री दिवाकर स्वरूप	जि0का0अलीगढ़	जि0का0फतेहपुर
3	अनुप भाटी पुत्र श्री उदय सिंह	जि0का0अलीगढ़	जि0का0 आगरा
4	दीपक नागर पुत्र श्री महेशचन्द्र	जि0का0अलीगढ़	जि0का0 इटावा

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

संख्या:47/2017/1231जेएल(1)/22-3-17-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, उ0प्र0, पुलिस मुख्यालय, लखनऊ।
2. जिला मजिस्ट्रेट, अलीगढ़/कानपुर नगर/फतेहपुर/आगरा/इटावा।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़/कानपुर नगर/आगरा एवं पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर/इटावा।
4. वरिष्ठ अधीक्षक, जि0का0, अलीगढ़ एवं अधीक्षक, जि0का0, कानपुर नगर/फतेहपुर/आगरा/इटावा।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in